कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलेक्टर, दौसा

श्री रामगोपाल शर्मा पुत्र श्री नारायणलाल बिल्डिंग नं0 33 फ्लेट नं0 एफ–2 बालाजी रेजीडेन्सी–1 सनराईजसिटी निवारू जयपुर 302012।

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, (कार्यालय पंजीयन एवं मुद्रांक) दौसा व अन्य
अपील सं0 14/2020

निर्णय दिनांक : 02.07.2020

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि प्रार्थी द्वारा लोक सूचना अधिकारी, (कार्यालय पंजीयन एवं मुद्रांक) दौसा, जिला दौसा को सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रेषित कर वॉछित सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया था। किन्तु प्रार्थी को वॉछित सूचना/नकल प्राप्त नहीं होने से अपीलांट द्वारा यह अपील इस न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, (कार्यालय पंजीयन एवं मुद्रांक) दौसा एवं लोक सूचना अधिकारी, (प्रभारी अधिकारी अभिलेखागार) कलेक्ट्रेट दौसा को प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना एवं संलग्नक की छाया प्रति पत्रांकः डी0एम0 /कोर्ट /आरटीआई/2020/952–953 दिनांक 18.03.2020 द्वारा प्रेषित कर संबंधित को वॉछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जॉच टिप्पणी मॅगवाई गई।

कोरोना महामारी के संक्रमण से बचाव हेतु लॉकडाउन के कारण कार्यवाही लम्बित रहने के पश्चात आज पत्रावली का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी, (प्रभारी अधिकारी अभिलेखागार) कलेक्ट्रेट, दौसा ने अपने पत्रांकः रिकार्ड/आरटीआई/2020/90 दिनांक 07.04.2020 के द्वारा अवगत करवाया है कि आवेदक को चाही गई सूचना के संबंध अवगत करवा दिया गया है। आवेदक का जिला अभिलेखागार दौसाा द्वारा प्रेषित पत्रांक 232 दिनांक 06.08.2019 की प्रति पत्रावली मे संलग्न है। प्रभारी अधिकारी (कार्यालय पंजीयन एवं मुद्रांक) दौसा, जिला दौसा ने पत्रांकःपंजीयन/2020/509 दिनांक 26.03.2020 के द्वारा आवेदक द्वारा चाहा गया अवधि का रिकार्ड कार्यालय मे उपलब्ध नही होना अवगत करवाया है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट चलने योग्य नहीं है। अतः अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय प्रति प्रेषित करें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो।

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

(अविचल चतुर्वेदी)
जिला कलेक्टर, दौसा
जिला कलेक्टर,दौसा